## गर्भस्थ शिशु की मौत पर महिला ने डॉक्टर के खिलाफ दी तहरीर

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कस्बे में एक डॉक्टर की देखरेख में गर्भवती महिला का इलाज चल रहा था। सब कुछ ठीक होने की बात कहकर डॉक्टर ने आठ महीने तक महिला का इलाज किया। अचानक गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई और महिला की हालत भी बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां की निवासी सीमा पत्नी मुशर्रफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने कस्बे के निजी अस्पताल में गर्भावस्था के दौरान उपचार कराया। 28 अप्रैल को गर्भवती सीमा ने अस्पताल के डॉक्टर से चेकअप कराया तो उन्होंने गर्भस्थ शिशु सही बताया। चार मई को भी तकलीफ होने पर महिला ने डॉक्टर से दवा ली। इस दौरान में डॉक्टर ने जच्चा बच्चा को किसी प्रकार का खतरा न होने की बात कही। छह मई को तकलीफ बढ़ने पर सीमा ने अल्ट्रासाउंड कराया और डॉक्टर के पास दवा लेने गई। अल्ट्रासाउंड देखकर डॉक्टर ने महिला को गर्भ में शिशु की मौत होने के बारे में बताया। यह सुनक महिला की हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# डीएम का मेडिकल कॉलेज में छापा, सीएमओ से तलब की रिपोर्ट

### शासन तक पहुंचा गर्भवती को प्राइवेट अस्पताल भेजने का मामला, एडीएम को महिला अस्पताल में मिलीं तमाम खामियां, शौचालयों में लटका मिला ताला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में फैली अव्यवस्थाओं की गूंज शासन तक पहुंचने से प्रशासन में खलबली मच गई। डीएम ने सोमवार को एडीएम के साथ मेडिकल कॉलेज में जाकर छापा मारा। इस दौरान उन्हें मेडिकल कॉलेज में तमाम अव्यवस्थाएं मिलीं। इस दौरान कई लोगों ने प्राचार्य पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। डीएम ने गर्भवती महिला को प्राइवेट अस्पताल भेजने के मामले में प्राचार्य और सीएमओ से रिपोर्ट तलब की है। लापरवाही को लेकर लगातार सुर्खियों में आने से मेडिकल कॉलेज के अफसरों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। इधर, रविवार रात मेडिकल कॉलेज गेट से गर्भवती को प्राइवेट अस्पताल भेजने के मामले में जानकारी चाही तो स्टाफ और डॉक्टर सब चुप्पी साध गए।

शहर से सटे गांव अलीगंज निवासी पूनम सात माह की गर्भवती थी। रविवार रात 10:30 बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वाले उसे ई-रिक्शा से बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग में लेकर पहुंचे। वहां पहुंचने पर परिवार वालों ने मेडिकल कॉलेज स्टाफ से स्ट्रेचर देने के लिए कहा तो उन्होंने अनसुना कर दिया। फिर परिजन डॉक्टर से जानकारी करने गए। आरोप है कि वहां के कर्मचारियों ने आईसीयू न होने और दौरा आने वाले मरीजों के लिए इलाज की सुविधा नहीं होने की बात कही। साथ ही एक निजी अस्पताल का नाम बताकर मरीज को वहां भेज दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शासन तक हड़कंप मच गया। क्योंकि शनिवार को ही पानी न आने की शिकायत पर अपर मुख्य सचिव ने अफसरों की फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। अब एक और मामला सामने आने से शासन एक्शन मोड में आ गया। इस पर शासन ने डीएम संजय कुमार को वहां की हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

शासन की सख्ती के बाद डीएम संजय कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व ॠतु पूनिया समेत प्रशासनिक अमला सोमवार सुबह करीब 10 बजे मेडिकल कॉलेज जा पहुंचा। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दवाई वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, टीकाकरण कक्ष सहित तमाम कक्षों का निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टार को भी चेक किया। इसके बाद डीएम ने रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात स्टॉफ के बारे में जानकारी की। गर्भवती महिला को किस वजह यह रेफर किया गया और किसने किया, इसको लेकर भी उन्होंने संबंधित स्टाफ से पूरी जानकारी ली। इस मामले में डीएम ने सीएमओ से रिपोर्ट तलब की है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि डॉक्टरों की रोस्टर से ड्यूटी लगाने के साथ अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इधर, डीएम के निर्देश पर एडीएम ॠतु पूनिया ने एमसीएव विंग में व्यवस्थाओं की पड़ताल की तो कई खामियां पाई गईं। एमसीएच विंग में बने शौचालयों में ताले लटके मिले। पूरे भवन में केवल दो शौचालय खुले पाए गए। उनमें भी पानी की सप्लाई ठप मिली। हालांकि कुछ देर बाद पानी की सप्लाई चालू करा दी गई। कई पर डॉक्टर व एचओडी के पर्चा चस्पा कर उन्हें रिजर्व किया हुआ था। जिस पर एडीएम ॠतु पुनिया ने डॉक्टर और वहां के प्रशासनिक अफसरों की फटकार लगाते हुए ताले लटकाने का कारण पूछा, जिसका कोई भी जवाब नहीं दे सका। एडीएम ने तत्काल ताले खोलने के निर्देश दिए गए। दवा काउंटर पर मौजूद दवाओं की पड़ताल करने के साथ सीएमओ से दवाओं के बारे में जानकारी ली। ड्रेसिंग कार्नर में बेड पर बिछी चादर भी गंदी पाई गई, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट ने स्टाफ को दो-तीन माह से वेतन न मिलने की बात कही। जिस पर प्राचार्य ने उन्हें अपना एकाउंट चेक करने की सलाह दी। इमरजेंसी गेट पर ताला लटका मिला। इसके बाद एडीएम ने बाल विभाग का निरीक्षण कर स्टाफ रुम, शौचालय समेत वार्डों का निरीक्षण किया। पूरे निरीक्षण के दौरान एडीएम व्यवस्थाओं से असंतुष्ट दिखीं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार, पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।


मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार व अन्य अधिकारी।


मेडिकल कॉलेज में लगी पानी की मशीन के बारे में पूछताछ करतीं एडीएम ॠतु पुनिया।

### डीएम के निर्देश पर गर्भवती महिला से मिले सीएमओ

रविवार रात जिस गर्भवती पूनम को कर्मचारियों ने एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया था। फजीहत होने के बाद डीएम ने सीएमओ को उस गर्भवती महिला को तलाश कर उसे समुचित इलाज प्रदान करने के आदेश दिए। इस पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार गर्भवती के घर जा पहुंचे। जहां महिला मौजूद नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद सीएमओ निजी अस्पताल पहुंचे। जहां महिला का चेकअप किया। फिलहाल की उसकी हालत में सुधार है। अब सीएमओ गर्भवती के इलाज पर नजर बनाए हुए हैं।

मेडिकल कॉलेज में महिला को रेफर करने के मामले में जांच की गई है। इस मामले की रिपोर्ट सीएमओ और प्राचार्य से मांगी गई है। सीएमओ एवं प्राचार्य को चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निदेश दिए गए गए हैं। – **संजय कुमार** सिंह, डीएम

### एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट रोजाना करेंगे निरीक्षण

मेडिकल कॉलेज में फैली लापरवाह का मामला उजागर होने के बाद सिस्टम की हो रही फजीहत को देखते हुए डीएम संजय कुमार ने सीएमओ डॉ. आलोक कुमार को गहनता से जांच करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। वहीं व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए डीएम ने एडीएम ॠतु पुनिया और सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को प्रतिदिन निरीक्षण करने का जिम्मा सौंपा है। जिसकी रिपोर्ट सीधे डीएम को दी जाएगी। दिन में एडीएम और रात में सिटी मजिस्ट्रेट मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करेंगे।



सोमवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

### निरीक्षण के दौरान फोन पर बिजी रहीं प्राचार्य

एडीएम के निरीक्षण के दौरान अधिकांश समय प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा मोबाइल पर बिजी रहीं। निरीक्षण के दौरान जब भी कोई मामला सामने आया तो उस मामले में सीएमएस डॉ. राजेश कुमार को जिम्मेदार ठहराते हुए खुद को बचाते दिखीं। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य की कार्यशैली को लेकर भी तमाम सवाल खड़े हुए। वहीं, निरीक्षण के दौरान मीडिया के सवालों से भी बचती नजर आई।

## अब माध्यमिक स्कूलों में छह घंटे होगी पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नए आदेश के तहत सुबह 7:30 से 1:30 बजे तक संचालित होंगी कक्षाएं

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में परिषदीय विद्यालयों में स्कूल का समय परिवर्तन होने के बाद अब राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में भी समय परिवर्तन किया गया है। शासन के निर्देश पर इन कॉलेजों में एक घंटे का समय बढ़ा दिया गया है। जिसके तहत अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होगा। जबकि वर्तमान समय में 12:30 बजे तक का समय चल रहा था। साथ ही गर्मी व जाड़े में विद्यालय का अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है।

जिले में संचालित हो रहे माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों का समय परिवर्तन किया गया है। शासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अब पांच की जगह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ाई होगी। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक पढ़ाई होती है। जबकि एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 8: 50 से दोपहर 2: 50 बजे तक का समय निर्धारित है। मगर अब शासन ने अब 30 सितंबर तक विद्यालय सुबह 7: 30 से दोपहर 1: 30 बजे तक और एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 9: 30 से दोपहर 3: 30 बजे तक पढ़ाई कराने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र ने जारी किया है। इस आदेश के तहत अब हर दिन छह घंटे और एक सत्र में न्यूनतम 1200 घंटे की पढ़ाई होगी।

## रोजाना 100 क्विंटल करें गेहूं खरीद, वरना समितियों को नहीं मिल पाएंगे धान क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सहायक आयुक्त सहकारिता ने कम गेहूं खरीद पर नौ समिति अध्यक्षों को जारी किया नोटिस
- समिति अध्यक्षों को गेहूं खरीद में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करने का दिया निर्देश

**अमृत विचार:** कम गेहूं खरीद करने वाली समितियों को अगली बार धान क्रय केंद्रों का आवंटन नहीं किया जाएगा। सहायक आयुक्त सहकारिता ने जिले की नौ समिति अध्यक्षों को नोटिस जारी कर रोजाना सौ क्विंटल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समिति अध्यक्षों से गेहूं खरीद में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करने को कहा है।

शासन से इस बार जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। गेहूं खरीद शुरू हुए दो माह से अधिक का समय बीत चुका है, मगर जिले में इस बार भी गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पड़ सकी। गेहूं खरीद में सहकारिता विभाग के गेहूं क्रय केंद्र भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं। सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा एक दिन पूर्व समितियों के क्रय केंद्रों की खरीद की समीक्षा की गई। जिसमें नौ समितियों के क्रय केंद्रों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम गेहूं खरीद करना पाया गया। इसमें बी-पैक्स लिमिटेड जोगराजपुर के क्रय केंद्र पर दो माह में मात्र एक किसान से खरीद 20 क्विंटल गेहूं खरीदना पाया गया। वहीं पूरनपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के पूरनपुर मंडी प्रथम, पूरनपुर मंडी चतुर्थ एवं पिपरिया दुलई क्रय केंद्र पर क्रमशः छह किसानों से 33 मीट्रिक टन, पांच किसानों से 32 और 10 किसानों से 41 मीट्रिक टन गेहूं खरीद करना पाया गया। बी-वैक्स समिति भगवंतापुर क्रय केंद्र पर 16 किसानों से 28.55 मीट्रिक टन, बी-पैक्स लिमिटेड अभयपुर शाहगढ़ के भैरोकला केंद्र पर 14 किसानों से 42 मीट्रिक टन, पूरनपुर सहकारी संघ के पूरनपुर मंडी प्रथम एवं द्वितीय क्रय केंद्र पर क्रमशः पांच किसानों से 15.80 मीट्रिक टन एवं तीन किसान 27.20 मीट्रिक टन, बी-पैक्स घुंघचाई के सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा केंद्र पर 13 किसानों से 47.60 मीट्रिक टन, बी-पैक्स करगैना के सरदार नगर क्रय केंद्र द्वारा अब तक पांच किसानों से 10.50 मीट्रिक टन, बी-पैक्स बरातबोझ के निसरा हाट क्रय केंद्र द्वारा छह किसानों से 12.10 मीट्रिक टन, बी-पैक्स टोडरपुर के पीलीभीत मंडी चतुर्थ क्रय केंद्र पर नौ किसानों से 36.50 मीट्रिक टन दो माह में खरीद करना पाया गया। लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम खरीद मिलने पर इन सभी नौ समितियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में कहा गया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर केंद्र प्रभारियों एवं सचिवों को लगातार लक्ष्य के अनुरूप गेहूं खरीद करने को निर्देशित किया गया, इसके बावजूद कोई अपेक्षित प्रगति नहीं की गई। जारी नोटिस में इन सभी समिति अध्यक्षों से रोजाना सौ क्विंटल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए गए है। अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद न करने पर अगली बार धान क्रय केंद्र आवंटित न करने की चेतावनी दी गई है।

गेहूं खरीद की समीक्षा के दौरान नौ समितियों के क्रय केंद्रों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष बेहद कम खरीद करना पाया गया। इन सभी समितियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी कर गेहूं खरीद में सहयोग करते हुए रोजाना सौ क्विंटल गेहूं खरीद करने को निर्देशित किया गया है। – **डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, सहायक आयुक्त सहकारिता**

## चार गुना ज्यादा बिल लगाकर निकाले गए दो लाख रुपये

संवाददाता, पूरनपुर

- प्रधान ने दिए दस्तावेजों की जांच पूरी, डीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत शेरपुरकलां में बर्तन खरीद के फर्जी बिल लगाकर दो लाख से अधिक की धनराशि निकालने की पुष्टि हुई है। प्रपत्रों की जांच के बाद अनियमितता की रिपोर्ट डीएम को भेज दी गई है। इसमें कार्यवाहक ग्राम प्रधान और सचिव पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। फर्जीवाड़ा कर निकाली गई धनराशि की रिकवरी भी की जा सकती है।

ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदे गए बर्तनों के नाम पर लाखों का फर्जीवाड़ा किया गया। तत्कालीन ग्राम प्रधान ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए महज 60 हजार में बर्तन खरीदे थे। कार्यवाहक ग्राम प्रधान ने सचिव की मिली भगत से बर्तन खरीद के फर्जी बिल लगाकर ग्राम पंचायत के खाते से 226822 रुपये निकाल लिए। जब इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई तो जांच पड़ताल शुरू हुई। गत दिनों पहले खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने गांव में पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बयान भी दर्ज किए थे। इसके बाद ग्राम प्रधान और सचिव से बर्तनों की खरीद से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा गया था। कार्यवाहक ग्राम प्रधान ने प्रपत्रों की पीडीएफ बीडीओ को सौंपी। प्रपत्रों में जांच पड़ताल के दौरान पुष्टि हुई है कि बर्तनों के सही मूल्य से चार गुना अधिक दाम के बिल लगाकर खाते से धनराशि निकाली गई है। सभी पहलुओं पर जांच करने के बाद बीडीओ ने इसकी रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिसमें बर्तन खरीद के नाम पर अनियमितता बरतने की बात सामने आई है।

खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट तैयार हो गई है। इसमें फर्जीवाड़ा सामने आया है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है। शासन स्तर से इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई होने के साथ ही निकाली गई धनराशि की रिकवरी भी की जा सकती है।

### पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में ग्राम खनंका निवासी स्वाति पुत्री रामवीर शर्मा ने बताया कि उसकी शादी करीब डेढ़ साल पहले बरेली जनपद के भुता कस्बा निवासी शेर बहादुर के पुत्र विशाल शर्मा से हुई थी। पांच माह से पति उसे प्रताड़ित कर रहा है। चरित्र पर भी बेवजह के आरोप लगाता है। पति के अलावा ससुर शेर बहादुर, सास, रामादेवी, देवर रमाकांत और सूरज उर्फ आकाश भी प्रताड़ित करने लगे। 27 अप्रैल को उसके साथ मारपीट की गई। इसकी जानकारी मिलने पर मायके वाले ससुराल आए और बचाया। ससुरालिये एक लाख रुपये, बाइक और जेवरात की मांग करते हैं। इसे पूरा किए बिना वापस आने पर मारने की धमकी दे रहे हैं। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**अव्यवस्था** स्टाफ के नाम पर अकेला चौकीदार, डॉक्टर न होने से बैरंग लौट रहे मरीज, 12 गांवों की 30 हजार आबादी इलाज के लिए परेशान

# बगैर डॉक्टर और फार्मासिस्ट के चल रहा दौलतपुर स्वास्थ्य केंद्र

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पतालों को निजी की तर्ज पर सुविधाओं से लैस कर बेहतर इलाज के दावे किए जा रहे हैं। मगर दौलतपुर पीएचसी से जुड़े 12 गांवों की 30 हजार आबादी के लिए सरकारी दावे बेमानी साबित किए जा रहे हैं। स्टाफ और संसाधनों की कमी के चलते लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। आलम ये है कि स्टाफ न होने के चलते अस्पताल खुला होने के बाद भी ताले लटकने जैसी स्थिति है। चौकीदार सुबह को अस्पताल तो खोल देता है, लेकिन डॉक्टर और फार्मासिस्ट न होने की वजह से मरीजों को बैरंग लौटना पड़ता है। बताते हैं कि वहां की दवाइयां वापस सीएचसी बरखेड़ा मंगवानी पड़ गई। इस इलाके के मरीज लंबी दूरी तय करके बरखेड़ा जाते हैं या झोलाछाप का सहारा लेते हैं। सक्षम लोग निजी अस्पतालों में जाकर महंगा इलाज कराते हैं। इसको लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन धरातल पर तस्वीर नहीं बदली जा सकी है। रविवार को स्टाफ भेजकर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला संचालित करा दिया जाता है।

बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम दौलतपुर पट्टी में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में छह बेड की जगह सिर्फ चार बैड पड़े हैं। इसमें अधिकांश पर गद्दे नहीं बिछे हैं, चादर भी गायब हैं। संसाधन और स्टाफ की कमी के चलते मरीज बेहद परेशान हैं। सीएचसी अमरिया से डॉ. मंजीत सिंह की तैनाती का आदेश 28 अप्रैल 2022 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर पट्टी के लिए किया गया था। उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया था, लेकिन करीब एक महीने ही रुक पाए। फिर उन्होंने अपना तबादला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलडिया भिंडारा करा लिया गया। इसके बाद दो साल से इस अस्पताल में चिकित्सक ही नहीं हैं।

इसी तरह से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर पट्टी में तैनात फार्मासिस्ट राजीव कुमार पांडेय का तबादला भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पंडरी कर दिया गया था। इनके स्थान पर अनीता सक्सेना फार्मासिस्ट की तैनाती की गई। बताते हैं कि फार्मासिस्ट अनीता सक्सेना तो पीएचसी दौलतपुर पट्टी पहुंची ही नहीं। उन्होंने अपना अटैचमेंट पुलिस लाइन अस्पताल में करा लिया। फिर उनका अपीएचसी भिखारीपुर अटैचमेंट हो गया। यानी इस पीएचसी पर पिछले दो साल से फार्मासिस्ट नहीं हैं।

पीएचसी दौलतपुर पट्टी में वार्डब्वाय के पद पर कार्यरत मदनलाल का तबादला वर्ष 2017 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोगीठेर कर दिया गया था। पिछले करीब सात साल से यहां वार्ड ब्वाय का पद रिक्त है। वस्टाफ नर्स कोमल सोनी के तबादले के बाद यहां इस पद पर कोई तैनाती नहीं हो सकी। स्टाफ तो कोई रहा नहीं तो व्यवस्थाएं बदतर होती चली गई।सफाई कर्मचारी/ चौकीदार के पद पर एक कर्मचारी कार्यरत हैं। वह भी कभी कभार अस्पताल खोलकर सफाई कर दिया करता है। एएनएम का पद तो कई सालों से रिक्त है।

यहां का चार्ज पड़ोसी गांव अधकटा में बने उपकेंद्र पर कार्यरत एएनएम सावित्री देवी को दे रखा है, जो सप्ताह में शनिवार और बुधवार को टीकाकरण करके चली जाती हैं। पीएचसी पर कार्यरत संविदा एलटी अजय कुमार तो लंबे समय से अस्पताल ही नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने अवकाश के लिए आवेदन किया, जो स्वीकृत नहीं हुआ। मगर वह बिना स्वीकृति लिए अवकाश पर चले गए। लंबे समय से स्टाफ की किल्लत पर अस्पताल बंद होने के बराबर है। वहां पर मौजूद दवाएं बरखेड़ा अस्पताल मंगवा ली गईं।


दौलतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन।


दौलतपुर पीएचसी में वार्ड के अंदर खाली पड़े बैड।

- स्वीकृति लिए बगैर अवकाश पर चले गए लैब टेक्नीशियन, बाकी पद चल रहे खाली

### यहां रोज पहुंचते थे 100 से अधिक मरीज

ग्रामीणों की मानें तो जब पीएचसी पर शुरुआत में व्यवस्थाएं कुछ दुरुस्त चल रही थी तब मरीज भी पहुंचते थे। प्रतिदिन की ओपीडी 80 से 100 के पार पहुंचा करती थी। मगर डॉक्टर व फार्मासिस्ट के तबादले के बाद पद रिक्त होते चले गए। अब तो देखकर लगता ही नहीं कि यहां पर अस्पताल संचालित भी हो रहा है।

### सामान्य बीमारी होने पर भी लगाने पड़ती है 12 किमी दौड़

इस अस्पताल के बदहाल होने के बाद मरीजों की दिक्कत काफी बढ़ गई है। अब मरीज झोलाछाप से इलाज कराएं या फिर प्राइवेट अस्पताल जाएं। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए उन्हें सामान्य बीमारी के लिए भी बरखेड़ा सीएचसी तक जाना पड़ रहा है। जो दौलतपुर पट्टी अस्पताल से करीब 12 किमी की दूरी पर है। सर्वाधिक दिक्कत गर्भवती महिलाओं को होती है।


दौलतपुर का सरकारी अस्पताल सिर्फ नाम का रह गया है। जब कोई मरीज देखने वाला है ही नहीं तो मरीज जाकर भी क्या करें। सुधार को लेकर जिम्मेदार भी सुधि नहीं ले रहे हैं। – **गेंदनलाल**, अरसिया बोझ


सामान्य खांसी, जुकाम, बुखार का इलाज भी पीएचसी पर नहीं मिल पाता है। झोलाछाप को दिखाएं या फिर कई किमी की दूरी तय करके जाएं। समय और रुपये दोनों की बर्बादी हो रही है। दिक्कत अलग झेलनी पड़ती है। – **हेमराज**, अधकटा


दो साल से तो दौलतपुर पट्टी की सीएचसी सिर्फ देखने की रह गई है। एक भी कर्मचारी नहीं बचा है। मरीज वहां जाकर भी क्या करें। स्वास्थ्य सुविधा तो तब बेहतर हो सकेगी जब ग्रामीण अंचलों के सरकारी अस्पतालों की दशा सुधारी जाए। – **राजकुमार**, दौलतपुर पट्टी


महिलाओं को सर्वाधिक दिक्कत हो रही है। पीएचसी से सभी को काफी आस रहती थी। मगर एक-एक कर सभी कर्मचारी चले गए। अब तो दौड़-भाग कर परेशान होना पड़ता है। कई बार इसके सुधार के लिए मांग की गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। – **रामबेटी, ग्राम प्रधान** दौलतपुर पट्टी

दौलतपुर पीएचसी में स्टाफ की कमी है। इसके लिए लगातार पत्राचार वरिष्ठ अधिकारियों से किया जा रहा है। एलटी के बिना अवकाश स्वीकृत चले जाने का मामला संज्ञान में है। उसकी लगातार अनुपस्थिति दर्ज की जा रही है। अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। – **डॉ. लोकेश गंगवार**, सीएचसी अधीक्षक बरखेड़ा






# भाजपा नेत्री के घर पावर कॉर्पोरेशन की टीम ने की छापेमारी, हंगामा

## कर्मचारियों पर लगा अभद्रता और मारपीट करने का आरोप, जेई बोले- चोरी से जलाई जा रही थी बिजली, चेकिंग के दौरान हमला किया

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** बिजली चोरी से जुड़ी शिकायत मिलने के बाद पावर कॉर्पोरेशन की टीम ने सोमवार को भाजपा नेत्री के आवास पर छापेमारी की तो जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने के आरोप लगाए। जेई पर अभद्रता करने का आरोप लगा। जबकि, जेई ने बिजली चोरी करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेत्री के घर से शुरू हुआ विवाद सड़क तक पहुंचा गया और कोतवाली के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया गया। कोतवाली में एक तरफ से पावर कॉर्पोरेशन के कर्मचारी थे तो दूसरी ओर भाजपाई जमा थे। पुलिस दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास करती रही। इसके बाद दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को सूचना मिली कि सिरसा रोड पर नारायणपुर ग्राम पंचायत की राम वाटिका में रह रही भारतीय जनता पार्टी की नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना के घर बिजली चोरी की जा रही है। इस पर एसडीओ शशांक कांडपाल, जेई जयपाल सिंह, कर्मचारी दानिश खान, अखिलेश कुमार यादव टीम के साथ सोमवार दोपहर जाकर छापा मारा। जेई ने घर में घुसकर चेकिंग शुरू की। आरोप है छत पर बिना कनेक्शन तार जोड़कर बिजली जलाई जा रही थी। इसको लेकर सवाल जवाब किए तो विवाद शुरू हो गया।

जेई और भाजपा नगर उपाध्यक्ष में मारपीट हो गई, जिसमें भाजपा नगर उपाध्यक्ष के सिर में चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। इस घटना की जानकारी लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान समेत कई भाजपा नेता अस्पताल जा पहुंचे और घटना पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीओ के साथ जेई जयपाल भी कोतवाली जा पहुंचे और नगर उपाध्यक्ष पर बिजली चोरी पकड़े जाने के बाद घर में बंद करके मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। वहीं महिला नेत्री ने जेई पर अभद्रता और हमला करने का आरोप लगाया। भाजपाइयों ने कोतवाली गेट पर ही धरना प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना दे रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को शांत कराया।


कोतवाली के बाहर धरना प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार


घायल भाजपा नेत्री को सीएचसी लेकर जाते भाजपा कार्यकर्ता।

### कोतवाली के सामने धरने पर बैठे भाजपाई, जेई से की धक्का-मुक्की

घटना के बाद जेई जयपाल पुलिस कर्मी के साथ मेडिकल कराने के लिए सीएचसी पहुंचे। इस दौरान अस्पताल पहुंचे एक युवक ने जेई के साथ पुलिस के सामने मारपीट कर दी। वहां मौजूद पुलिस कर्मी ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन जेई को पीटने के बाद युवक वहां से भाग गया। कोतवाली गेट पर भी कुछ लोगों ने जेई को पड़कर धक्का मुक्की की। दरअसल बिजली चोरी पकड़े जाने का आरोप लगाते हुए जेई की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई तो कार्यकर्ता भड़क गए। इसके बाद अस्पताल में मेडिकल कराने के दौरान एक युवक ने होमगार्ड के सामने जेई के साथ मारपीट की। जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन युवक वहां से फरार हो चुका था। वहीं, घटना के बाद दर्जनों कार्यकर्ता कोतवाली गेट पर इकट्ठे हो गए और बाहर निकलते ही जेई को घेर लिया। धक्का मुक्की करते हुए हाथापाई की नौबत आ गई। चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता समेत अन्य लोगों ने बमुश्किल बीच बचाव किया। बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दर्जनों लोग कोतवाली गेट के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा बिजली विभाग की टीम जबरन घर में घुसी और नगर उपाध्यक्ष से मारपीट की गई। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कार्यकर्ता शांत हुए।

### जब सीएचसी से निकल गए एसडीओ

बताते हैं कि जेई को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया तो उस वक्त एसडीओ शशांक कांडपाल भी मौजूद थे। इमरजेंसी में भीड़ होने पर जेई को सामने वाले कमरे में बिठा दिया गया था। बाहर की तरफ एसडीओ खड़े थे। जेई के पास में ही होमगार्ड भी मौजूद था। कमरे में जेई के साथ जब युवक ने मारपीट की। आरोप है कि बीच बचाव कराने के बजाय एसडीओ मौके से खिसक गए। पुलिस कर्मी और वहां मौजूद ने लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद से एसडीओ दिखे ही नहीं।

> भाजपा नगर उपाध्यक्ष के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई है। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मारपीट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।
> – **हर्ष प्रधान**, नगर अध्यक्ष भाजपा

> महिला के साथ मारपीट करने का आरोप पावर कारपोरेशन की टीम पर लगा है। इस मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। जेई से भी तहरीर मिली है। उसकी भी जांच कराई जा रही है।
> – **संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल पूरनपुर

### गाली गलौज के बाद ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट


बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव पुरैना निवासी कमलेश पुत्र भजनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि यह घटना पांच मई की शाम करीब चार बजे की है। गांव के ही रामबहादुर, धर्मवीर, धर्मेंद्र ने उससे गाली गलौज की। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो हमला कर पिटाई कर दी गई। किसी तरह भागकर खुद को बचाया। पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## महिला शिक्षक समेत दो लोगों पर सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जाकर निर्माण कराने का आरोप दो लोगों पर लगा है। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए जमीन कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

ग्राम पंचायत अकोड़ा की प्रधान रामश्री देवी ने एसडीएम महिपाल सिंह से शिकायत कर बताया कि गांव में खाली पड़ी ग्राम समाज की बंजर भूमि पर दो लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। अवैध रुप से निर्माण कर लिया गया है। कब्जा करने वाली एक महिला सहायक अध्यापक है, जबकि दूसरा व्यक्ति मकसूदापुर चीनी मिल में काम करता है। दोनों कब्जेदार संपन्न परिवार से हैं। उक्त भूमि पर पानी की टंकी का प्रस्ताव किया जा चुका है। मगर अब अवैध कब्जे के चलते टंकी निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है। जब अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो गए। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन


इसी जमीन पर किया गया अवेध कब्जा।

- ग्राम प्रधान ने एसडीएम से की शिकायत, कार्रवाई का मिला आश्वासन

## पुरानी रंजिश के चलते युवकों को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों की पिटाई कर दी गई। थाना क्षेत्र के ग्राम गुलडिया भूपसिंह निवासी तेजपाल सिंह ने बताया कि उनके पुत्र जोगेंद्र सिंह का 12 अप्रैल को अपने चचेरे भाइयों सौरभ सिंह और गौरव सिंह से विवाद हो गया था। जिसमें दोनों ने उनके पुत्र की हाथ की उंगली की हड्डी तोड़ दीथी। उस वक्त सुलह होने पर तहरीर नहीं दी गई थी। इसी की रंजिश में दो मई की रात साढ़े आठ बजे दोनों आरोपी अपने पिता अमरिंदर सिंह, मां माधुरी के साथ घर में घुस आए और गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर दिया। पीड़ित के पुत्र जोगेंद्र सिंह, अरुण सिंह के साथ मारपीट की। लोहे की रॉड और डंडों से पीटा। रीढ़ की हड्डी में भी चोट आई। घायलों को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बुजुर्ग का शव नाले में पड़ा मिला


शव मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जानकारी करती पुलिस।

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। नाले में शव मिलने पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार सुबह अमरिया क्षेत्र के ग्राम कैंचूटांडा नखासा बासजार के पास नाले में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। इसका पता लगने पर कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। अमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। जेब से मिले आधार कार्ड की मदद से शव की शिनाख्त जनपद बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव गैजरपुर गौटिया बहादुरगंज निवासी बाबा रामकुमार के रुप में हुई। जेब से कुछ नशीला पदार्थ भी मिला। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से बाजार में घूमता देखा जा रहा था। यह आशंका जताई गई कि नशा होने पर नाले में गिरकर मौत हुई होगी। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बरखेड़ा के परिवार की कार बरेली में दुर्घटनाग्रस्त, महिला की जान गई

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** कस्बे के एक परिवार की कार बरेली के हाफिजगंज में अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए।


मृतक विमला देवी।

कस्बे के वार्ड नंबर चार मोहल्ला कुंदनपुर गौटिया के रहने वाले भोजवाल सेवा समिति के नगर महामंत्री हरिओम भोजवाल रविवार को बरेली में अपनी ननिहाल गए थे। कार में उनके साथ पत्नी विमला देवी (30), पुत्री अंजली (10), तान्या (2) और पुत्र आदेश (6) थे। दावत में शामिल होने के बाद सभी रात को वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में हाफिजगंज के पास पहुंचने पर उनकी कार में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें विमला देवी की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। सोमवार को परिवार वाले घायलों को घर ले आए। उधर, पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर विमला देवी का शव बरखेड़ा स्थित घर लाया गया, जिससे कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार गमगीन परिवार के ढांढस बंधाने में जुटे रहे। शाम को विमला देवी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवार, राजेश गंगवार, राजेंद्र पाठक उर्फ राजू समेत कई लोगों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे।


महिला का शव पहुंचने पर पीड़ित परिवार के मकान के बाहर लगी भीड़।

- हाफिजगंज थाना क्षेत्र में रविवार रात हुआ हादसा, रिश्तेदारी से लौट रहा था पूरा परिवार

## कमल पार्क पर रोज लगता है जाम, लोग परेशान

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** नगर के कमल पार्क तिराहा पर अतिक्रमण की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। दिन में कई बार वाहनों की आवाजाही बढ़ते ही राहगीरों को जाम में फंसकर परेशान होना पड़ रहा है। पुलिस ने कुछ समय पहले ही ठेले हटवाए गए थे, लेकिन अब दोबारा हालात जस के तस हो गए हैं। इससे जाम में फंसकर लोगों के परेशान होना पड़ता है।

कमल पार्क तिराहे के चारों तरफ वर्षों से फास्ट फूड एवं फल विक्रेताओं द्वारा ठेले लगाए जा रहे हैं। इस अस्थाई अतिक्रमण की वजह से रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। इतना ही नहीं अवैध टेंपो स्टैंड का रुप भी वाहन चालकों द्वारा दे दिया गया। बेतरतीब तरीके से सड़क पर वाहन खड़े कर दिए जाते रहे। अतिक्रमण के बाद बेतरतीब पार्किंग जाम का सबब बनी हुई है। नगर पंचायत के नवीन बोर्ड की हुई पहली बैठक में सभासद सुधांशु पाराशर ने कमल पार्क तिराहे से अस्थाई अतिक्रमण हटवाने का प्रस्ताव रखा था। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम के आदेश पर नगर पंचायत कर्मियों ने पुलिस बल के साथ कमल पार्क से अस्थाई अतिक्रमणकारियों को खदेड़कर जगह खाली करा ली थी। ठेले हटने से लोगों ने राहत महसूस की, लेकिन दोबारा हालात जस के तस होने में देर नहीं लगी। सोमवार को भी दिन में कई बार जाम लगा और राहगीर परेशान होते रहे। चेयरमैन डीके गुप्ता का कहना है कि शीघ्र समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।


बिलसंडा के कमल पार्क तिराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- सड़क पर फैले अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग की वजह से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

## चोरी करने घुसा पड़ोस का युवक पकड़ने पर हंगामा

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव मटैहना कालोनी नंबर दो की रहने वाली रीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह एक अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने गई थीं। घर पर दो पुत्रियां और पुत्र था। देर रात पड़ोस का युवक चोरी करने के इरादे से घर में घुस आया और कमरे में पहुंचकर जेवरात चुराने लगा। आहट होने पर परिवार वाले जागे तो आरोपी भागने लगा। मगर परिजनों ने उसे पकड़कर बांध लिया। उसका मोबाइल भी छीन लिया। इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची यूपी 112 पुलिस पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर चली गई। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नहीं बनी बात, आज दोबारा जाएंगे चालक व गाइड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीटीआर में जंगल सफारी के नए नियम के विरोध में उतरे गाइड-चालकों के मामले में सोमवार को कोई निर्णय नहीं निकल सका। काफी कम संख्या में गाइड-चालकों के पहुंचने पर डिप्टी डायरेक्टर ने सभी गाइड-चालकों को मंगलवार को आने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल सोमवार को दोनों ही शिफ्टों में गाइड-चालकों ने काम किया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के नए नियम का विरोध करते हुए गाइड-चालकों ने रविवार को मुस्तफाबाद गेट पर धरना प्रदर्शन करना किया था। इस दौरान गाइड-चालकों ने नियम न बदलने पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। गाइड-चालकों के लामबंद होने की जानकारी मिलने पर पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी की बात सुनने के बाद नियमों का हवाला दिया।

इसके बाद गाइड व चालक धरना स्थल पर जमे रहे। इस पर वन अफसरों ने डिप्टी डायरेक्टर को अवगत कराया। इसके बाद डिप्टी डायरेक्टर ने गाइड-चालकों को सोमवार को पीटीआर मुख्यालय आने के साथ ही सफारी संचालन शुरू करने के निर्देश दिए थे। आश्वासन मिलने के बाद सभी गाइड-चालक काम पर लौट गए थे। इधर सोमवार को गाइड-चालक पीटीआर मुख्यालय पहुंचे। जिस पर डिप्टी डायरेक्टर ने सभी गाइड-चालकों को बुलाने के निर्देश दिए, लेकिन इंतजार के बाद भी सभी गाइड-चालक नहीं पहुंचे। ऐसे में मामले को लेकर कोई भी निष्कर्ष नहीं निकल सका।

डिप्टी डायरेक्टर ने मंगलवार को सभी गाइड-चालकों को पीटीआर मुख्यालय आने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि सभी गाइड एवं चालकों को सोमवार को बुलाया गया था, लेकिन अधिकांश गाइड व चालक नहीं आए। अब सभी को मंगलवार को आने को कहा गया है।


पीटीआर सभागार में वार्ता को पहुंचे गाइड व चालक। ● अमृत विचार

- चालक व गाइडों के पीटीआर मुख्यालय कम संख्या में पहुंचने से नहीं हो सकी कोई बात
- पीटीआर में नए नियम लागू करने पर गाइड व चालकों के विरोध करने का मामला

## जांच के नाम पर मामले को टालती रही जहानाबाद पुलिस

संवाददाता, जहानाबाद (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** करीब 16 वर्षीय शीरी की मौत के बाद शव दफना दिया गया था। इसकी खबर सुनकर माता-पिता नेपाल से चलकर अपने घर पहुंचे तो उन्हें संदिग्ध हालात में मौत होने की कहानी समझा दी गई। मगर मोबाइल में सिपाही के प्रेम प्रसंग से जुड़े फोटो सामने आए तो माता-पिता खुद को नहीं रोक पाए और अपने स्तर से पड़ताल में जुट गये। इसके बाद हत्या का शक गहराता चला गया। उन्होंने जहानाबाद थाने में शिकायत की तो पुलिस सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट लिखने को राजी नहीं हुई। जांच के नाम पर मामले को टाल दिया गया। मगर एसपी ने सीओ सदर से जांच कराई तो परिजनों की शिकायत सही लगी।

जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा की रहने वाली शीरी गरीब परिवार की बेटी थी। उसके माता-पिता मजदूरी के लिए अक्सर बाहर चले जाते हैं। वह अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। उसकी मौत 13 अप्रैल को हो गई थी। उस वक्त उसके माता-पिता नेपाल में थे। अचानक हुई बेटी की मौत से परिवार के मन में तरह-तरह सवाल उमड़ने लगे। मगर माता-पिता घर पहुंचे तो किशोरी का शव दफनाया जा चुका था। मगर माता-पिता के मन में बेटी की मौत को लेकर शक बना हुआ था। वह अपने स्तर से पड़ताल करते रहे। इस दौरान उन्हें शीरी की एक सहेली और सिपाही के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई। इसके बाद क्षतिग्रस्त मोबाइल भी मिल गया। उसे ठीक कराने के बाद मृतका की मां जाकिरा ने मोबाइल अपने देवर को चलाने के लिए दे दिया था। जउसने मोबाइल चलाया और सिपाही के आपत्तिजनक फोटो वीडियो उसमें मिले तो सभी हैरान रह गए थे। इस मामले की शिकायत लेकर परिवार वाले जहानाबाद थाने पहुंच गए। चूंकि सिपाही पर आरोप लगाए गए थे। जोकि पूर्व में जहानाबाद थाने में ही तैनात रहा है। इसे लेकर पुलिस का रवैया टरकाऊ बना रहा। इस प्रकरण को गंभीरता से लेकर कार्रवाई थानास्तर पर नहीं हो सकी। जिसके बाद परिवार न्याय के लिए भटकते हुए एसपी दरबार तक पहुंच गया। बताते हैं कि फिर एसपी से प्रकरण को थाना पुलिस को न देकर सीओ सदर से जांच कराई। सीओ ने सभी बिंदुओं पर जांच की और फिर मामले में पांच जून को देर शाम एफआईआर दर्ज कर ली गई है।


पुलिस द्वारा दफनाए गए शव को निकलवाने के दौरान लगी भीड़। ● अमृत विचार

- एसपी ने पहले सीओ सदर से जांच कराई, फिर लिखाई रिपोर्ट
- सिपाही समेत चार पर किशोरी की हत्या के आरोप का मामला

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिलेगी कार्रवाई को दिशा

किशोरी की मौत के बाद आरोप सिपाही, उसकी प्रेमिका और अन्य दो लोगों पर लगा है। मगर अभी तक मौत को लेकर सवाल बरकरार है। हत्या हुई तो कैसे की गई ? स्वाभाविक मौत हुई तो भी कैसे ? इसका जवाब नहीं मिल सका है। डीएम से अनुमति लेने के बाद जहानाबाद पुलिस ने शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भीड़ जमा रही। अब पुलिस भी अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### सिपाही ने धमकाया, प्रेमिका को कुछ हुआ तो मार दूंगा

पीड़ित परिवार की मानें तो आरोपी सिपाही से जब उन्होंने बेटी की मौत को लेकर सवाल जवाब किए तो उसने उन्हें खूब धमकाया था। कहा- वह पुलिस वाला है। उसके पास सब इंतजाम हैं। अगर उसकी प्रेमिका को कुछ हुआ तो पूरे परिवार की जान ले लेगा। इस धमकी से पूरा परिवार डरा सहमा हुआ था। मगर बेटी को न्याय दिलाने के लिए अपनी जान की फिक्र किए बिना कार्रवाई को आगे आ गया।

> इस मामले में सिपाही समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। अनुमति लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए दफनाए जा चुके शव को निकलवाया गया है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> – **मुकेश शुक्ला**, इंस्पेक्टर जहानाबाद

## कंपनी की रकम लेकर डिलीवरी ब्वॉय फरार

**पूरनपुर, अमृत विचारः** सामान लेकर गया एक डिलीवरी ब्वॉय करीब एक लाख रुपये लेकर फरार हो गया। कंपनी के प्रबंधक ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव गोरा निवासी तफसीर अहमद एक प्राइवेट कंपनी के प्रबंधक हैं। उनका कहना है कि फरवरी में कंपनी का डिलीवरी ब्वॉय ग्राहकों को सामान देने गया था। सामान देने के बाद उसने एक लाख 41 हजार रुपये प्राप्त किए। युवक सामान बिक्री का रुपया लेकर फरार हो गया। उसने कंपनी के खाते में रुपए नही जमा किए। प्रबंधक के अलावा अन्य कर्मचारियों ने भी संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन नहीं हो सका।डिलीवरी ब्वॉय के नाम से शाखा का बैंक खाता भी चल रहा है। उसके न आने पर अन्य कर्मचारियों का वेतन भी रुका हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस इस मामले में हीलाहवाली कर रही है। प्रबंधक ने डिलीवरी ब्वॉय पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

## रिकवरी एजेंट बनकर महिला से 2.43 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोन के रिकवरी एंजेट बनकर घर पहुंचे दो युवकों ने धोखाधड़ी करते हुए कई किस्तों में 2.43 लाख रुपये की ठगी कर ली। जब पीड़ित के पास बैंक से कॉल आई तो दोनों आरोपियों को बैंक से निकालने की जानकारी मिली। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शहर के मोहल्ला कुवंरगढ़ निवासी कमला जायसवाल ने थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके भाई ने वर्ष 2011-12 में शहर की ही इंडियन बैंक से लोन लिया था। लॉकडाउन लगने पर आर्थिक समस्याएं होने के कारण वह लोन को जमा नहीं कर सके। इसी बीच आठ जुलाई 2022 को उसके भाई की मृत्यु हो गई। तभी सितंबर 2022 में गोला खीरी के सर्वोदय नगर गोला देहात के रहने वाले चंदा बाबू शर्मा और राधेश्याम उनके घर पर आए और अपने आपको रिकवरी एजेंट बताकर लोन जमा करने के लिए कहा। उक्त लोग 26 सितंबर 2022 को 35 हजार रुपये लेकर उसकी रसीद दे दी। इसके बाद आरोपियों ने तीन अक्टूबर को नौ हजार रुपये, छह अक्टूबर को 25 हजार, 18 अक्टूबर को 15 हजार, 21 अक्टूबर को छह हजार, एक नबंवर को 50 हजार, 11 नबंवर ग्यारह सौ रुपये, तीन दिसंबर को पांच हजार, 30 दिसंबर को 30 हजार और 18 जनवरी 2023 को 21 हजार रूपये लेकर गए। जब उन्होंने इस रूपये की रसीद मांगे, तो उक्त लोग टाल मटोल करने लगे। एक दिन बैंक से लोन जमा करने के लिए पीड़ित के पास फोन आया तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। बैंक कर्मियों ने कहा कि उनको बैंक से निकाल दिया गया है। इस पर पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# समोसे बनाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग, रेस्टोरेंट मालिक समेत चार झुलसे

## पड़ोस में रखा खोखा और किराना की दुकान तक पहुंचीं आग की लपटें, सामान जला

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** घुंघचिहाई कस्बे में मुख्य अड्डा पर एक रेस्टोरेंट में समोसे बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और नजदीक में रखे खोखा व किराना की दुकान तक पहुंच गई। आग बुझाने के दौरान रेस्टोरेंट मालिक व उसके पुत्र समेत चार लोग झुलस गए। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन यंत्र व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। हालांकि बाद में दमकल टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। आग बुझने तक मौके पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

कस्बा घुंघचिहाई के रहने वाले वीरेंद्र श्रीवास्तव का थाने से कुछ दूर मुख्य अड्डा पर रेस्टोरेंट हैं। जहां रोजाना की तरह सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे कारीगर अजय सक्सेना समोसे बना रहा था। तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। पहले कारीगर आग बुझाने की कोशिश करता रहा, लेकिन लपटें तेज होती गईं। फिर वह चिल्लाते हुए बाहर दौड़ा। इसके बाद रेस्टोरेंट मालिक व अन्य लोग पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। मगर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। आग विकराल रूप लेती जा रही थी। इससे पड़ोस में रखा अरविंद श्रीवास्तव का खोखा आग की चपेट में आकर जलने लगा।



आग में जला सामान दिखाता दुकानदार।



आग लगने के बाद मौके पर एकत्र लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

- घुंघचिहाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से पाया आग पर काबू, बाद में पहुंची दमकल

कुछ ही मिनट में आग वहीं नजदीक में शिवकुमार गुप्ता की किराना की दुकान तक पहुंच गई। इस बीच आसपास के काफी लोग जमा हो चुके थे। इसकी सूचना मिलते ही थाना घुंघचिहाई पुलिस भी थाने पर मौजूद अग्निशमन यंत्रों को लेकर जा पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान रेस्टोरेंट मालिक वीरेंद्र श्रीवास्तव, उनका पुत्र दुर्गेश, कारीगर अजय सक्सेना, ग्राहक अजय सागर झुलस गए। फौरन चारों को सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया। इधर, आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आग लगने की वजह को लेकर काफी देर तक जांच चलती रही।

## एक नजर

### नियमों का उल्लंघन करने पर 50 वाहनों का चालान

**बरखेड़ा।** सड़क सुरक्षा के अंतर्गत सोमवार को चिन्हित ब्लैक स्पॉट जिरौनिया, बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के सामने, गाजीपुर कुंडा मोड, पतरासा कुवरपुर मोड और पतरसिया पेट्रोल पंप के सामने पुलिस और परिवहन विभाग की टीम ने चेकिंग की। बाइक सवारों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। गाजीपुर कुंडा मोड पर अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही हाईवे निर्माण से संबंधित स्टाफ को साथ लेकर एक्सीडेंट से संबंधित साइन बोर्ड लगाने व रंबल स्ट्रिप बनाने के लिए निर्देशित किया। चेकिंग के दौरान कुल 50 वाहनों के चालान किए गए।

### चेकिंग के दौरान पुलिस ने सीज की प्राइवेट बस

**पूरनपुर।** सोमवार को कोतवाली पुलिस ने बंडा चौराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लुधियाना से बहराइच जा रही एक निजी बस को रोका। पुलिस ने दस्तावेज मांगे लेकिन चालक के पास दस्तावेज नहीं थे। इस पर पुलिस ने बस को सीज कर दिया। उस पर 19500 का जुर्माना भी लगाया गया है। कस्बा इंचार्ज प्रद्युम्न कुमार ने बताया कि कि अवैध रूप से निजी बस से सवारियां ढोई जा रही थी। उसे सीज कर दिया गया है।

## बिलसंडा में आढ़त से दिनदहाड़े 11 हजार रुपये उड़ाए

**बिलसंडा, अमृत विचार:** नगरिया नहर मार्ग पर स्थित एक आढ़त पर रखी करीब 11 हजार रुपये समेत गुल्लक दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोर ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया जब पड़ोस में स्थित एक खेत में नरई जलाने के लिए लगाई गई आग बुझाने के लिए आढ़ती खेत पर चला गया था।

थाना क्षेत्र के गांव खुटराया निवासी रघुवीर शरण राठौर ने बताया कि नगरिया मार्ग पर स्थित निगोही ब्रांच की नहर के किनारे गल्ले की आढ़त है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने खेत में पड़ी नरई जलाने के लिए आग लगा दी। हवा के चलते आग उसकी आढ़त की तरफ आ गई। जिसे बुझाने के लिए वह आढ़त के पीछे खेत पर चला गया। इसी बीच अज्ञात चोर आढ़त पर रखी करीब 11 हजार रुपये से भरी गोलक चुरा ले गया। घटना की जानकारी होने पर 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

# दियोरियाकलां पुलिस ने चार ऑटोलिफ्टर दबोचे



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी व बरामद बाइक। ● अमृत विचार

संवाददाता, दियोरियाकलां

- चोरी की चार बाइक बरामद पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

**अमृत विचार:** दियोरिया कलां पुलिस ने चार ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि दरोगा सलमान अली टीम के साथ पांच मई की शाम जेठापुर पुलिया से गाजना सिधारपुर की ओर से जा रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि कुछ ऑटो लिफ्टर नहर झाल के पास जमा हैं। इस पर टीम ने दबिश दी और चार आरोपियों को पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम करेली थाना क्षेत्र के ग्राम गंधौरा निवासी सुनील कुमार, दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर निवासी मेवाराम, खरदाई गांव निवासी श्रीपाल और आमडंडा गांव निवासी भीमसेन बताया। उनके पास से चोरी की चार बाइक भी बरामद हुई।

एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। पूछताछ में सामने आए कुछ अन्य तथ्यों पर छानबीन चल रही है।

# फैशन प्रदर्शनी में महिलाओं ने की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जेसीआई की ओर से अलबेली- यूनिक फैशन एंड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें विभिन प्रकार के स्टॉल लगाने के साथ ही प्रतियोगिताएं भी कराई। जिसमें महिलाओं और बच्चों ने हिस्सा लिया।

शहर के एक बरात घर में जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स द्वारा अलबेली- द यूनिक फैशन एंड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसकी शुरुआत अध्यक्ष गरिमा बंसल, सचिव अदिति कंचन, मेला निदेशक निधि अग्रवाल, रीना अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष भावना कौशिक पूर्व अध्यक्ष करिश्मा सैहमी, नेहा अरोड़ा, रोशनी बग्गा, डॉ. नेहा अग्रवाल, स्प्रिंगडेल स्कूल की प्रधानाचार्य चारु धवन, लॉर्ड कृष्णा स्कूल की प्रधानाचार्य रोजी. दीक्षित, शैमरॉक किरण स्कूल की हर्ष कंचन ने संयुक्त रुप से कराई। बच्चों की मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। सब- जूनियर वर्ग में कक्षा छह से आठ तक के 125 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जबकि जूनियर वर्ग में कक्षा नौ से 12 तक के 18 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 80 बच्चों ने हिस्सा लिया।





शहर के एक बरातघर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल जेसीआई की महिला पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

- जेसीआई पर्ल्स की ओर से आयोजित की गई प्रदर्शनी विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं
- लकी ड्रा में डॉ. तृप्ति को मिला पहला पुरुस्कार एव द्वितीय पर अंशु ने किया कब्जा

आगरा, असम, बरेली, कानपुर, रामपुर, रुद्रपुर, शाहजहांपुर समेत जिले से आए दुकानदारों ने घरेलू सामान, फैशन एंड लाइफ़स्टाइल, बच्चों के खिलौने आदि के स्टॉल लगाए। जिसमें जमकर खरीदारी की गई। बच्चों ने झूले और चाट पकौड़ी का आनंद लिया। अंत में लकी ड्रा खोला गया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार डॉ. तृप्ति मिश्रा को मिक्सर गाइंडर मिला जबकि द्वितीय पुरुस्कार अंशु अग्रवाल को ट्रैवलर बैग के रुप में गया। तृतीय पुरुस्कार रीता साहू को डिनर सेट मिला। प्रदर्शनी में प्रधानाचार्य रंजीत सैहमी, रुचि अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, पदमा चंद्र, पूनम चंद्र, कंचन अग्रवाल, मोनिका बंसल, कैलाश रानी छाबड़ा, जेसी आकांक्षा अग्रवाल, जेसी अनुश्री भारद्वाज भसीन, जेसी बार्बी मैनी अग्रवाल, जेसी चंद्रिका सिंघल, जैसी चारू गुप्ता, जैसी चारु कंचन, जेसी छवि मैनी, जेसी कनक शंखधर, जेसी कनिका अग्रवाल, जेसी कृति अग्रवाल, जेसी मोनिशा बग्गा, जेसी निधि गर्ग, जेसी प्रियंका अग्रवाल, जेसी प्रिया भसीन, जैसी प्रिया अग्रवाल, जैसी राशिका देव, जेसी रितिका अग्रवाल, जेसी समीक्षा रामचंदानी, जेसी शालिनी अग्रवाल, जेसी शुभी अग्रवाल, जेसी सिमरन सलूजा मौजूद रहे।

## फ्लाइंग ऑफिसर बन शताक्षी ने बढ़ाया जिले का मान

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर की उदीयमान छात्रा शताक्षी भट्ट का एफकैट (एयरफोर्स) में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयन कर लिया गया। जारी परिणाम में शताक्षी ने देश में छठी रैंक हासिल की है। मार्च में शॉर्ट सर्विस कमीशन एनसीसी स्पेशल एंट्री से आर्मी में प्रथम स्थान प्राप्त कर शताक्षी वर्तमान में चैन्नई में लैफ्टीनेंट का प्रशिक्षण ले रही हैं। शताक्षी भट्ट शहर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी तपेश्वर भट्ट की पुत्री एवं अधिवक्ता विमला भट्ट की भतीजी हैं। तपेश्वर भट्ट वर्तमान में बीएसएफ में कार्यरत है। सताक्षी के परिजनों ने बताया कि संयुक्त परिवार में पली बढ़ी शताक्षी ने अपने चाचा हेमंत भट्ट के संरक्षण में जनपद से लेकर दिल्ली तक शिक्षा हासिल की। उन्होंने बताया कि शताक्षी ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी हमेशा बेहतर स्थान पाया। परिजनों के मुताबिक अब शताक्षी पर ही निर्भर है कि वह देश सेवा थल सेना के माध्यम से करेंगी या फिर वायुसेना के माध्यम से यह शताक्षी पर ही निर्भर है। उनके इस चयन के बाद परिवार में खुशी का माहौल है।



शताक्षी भट्ट।

# नाला बनाने में लाखों रुपये खर्च कर दिए पर समस्या का नहीं हुआ समाधान

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर के बमरोली मार्ग पर निर्माणाधीन गोशाला के सामने जल निकासी के लिए लाखों खर्च कर बनवाया गया नाला अनुपयोगी साबित हो रहा है। बताते हैं कि नाला तो बनवा दिया गया, लेकिन उसे पुराने नाले से नहीं जोड़ा गया। इस कारण पानी नए नाले का पानी आगे नहीं बढ़ पाता है।

नगर के बीच से गुजरे हाईवे के दोनों ओर एक दशक पूर्व पीडब्ल्यूडी द्वारा नाले बनाए गए थे। मगर इन नालों से जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। जिसकी वजह से आए दिन नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं। नालों का पानी दुकानों में घुसने लगता है। जिसकी वजह से दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ती है। बारातघर संचालक सुरेश गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी से कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हुआ।



बिलसंडा के बमरोली मार्ग पर गोशाला के सामने बना नाला। ● अमृत विचार

- पुराने नाले से नए को न जोड़ने से आ रही ओवरफ्लो की दिक्कत

यह नाला बंडा बस स्टैंड तक ही बना है। वहां से नाले के पानी का निकास ही नहीं है। इसी तरह बमरोली मार्ग पर नगर पंचायत प्रशासन ने अपनी सीमा तक नाले का निर्माण कराया, लेकिन उसके बाद भी समस्या जस की तस है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सविता धर्मेंद्र चौहान ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र पंचायत से गोशाला के सामने लाखों रुपयों की लागत से नाले का निर्माण कराया। मगर बाद में जिम्मेदारों ने आंखें मूंद लीं। यही वजह है कि नाला बने हुए तीन वर्ष बीतने के बाद भी उसका उपयोग आज तक नहीं हो सका।

> निर्माणाधीन गोशाला के सामने क्षेत्र पंचायत द्वारा नाले का निर्माण कराया गया था, लेकिन गोशाला जाने के लिए पुलिया का निर्माण नगर पंचायत प्रशासन को कराना है। पुलिया निर्माण होने के उपरांत ही पुराने नाले से नवीन नाले को जोड़ दिया जाएगा। इसमें क्षेत्र पंचायत प्रशासन की कोई कोताही नहीं है।
> – शालिग्राम, जेई, आरईडी बिलसंडा

# ई-रिक्शा चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता, खीरी

- चोरी किए गए तीन रिक्शा और 10 बैटरियां बरामद

**अमृत विचार:** थाना खीरी पुलिस ने चोरी किए गए तीन ई-रिक्शा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 बैटरी, एक तमंचा और कारतूस भी बरामद होने का दावा किया है।

सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि थाना नीमगांव के गांव अछनियां निवासी मालिकराम का ई-रिक्शा दो मई को कस्बा ओयल स्थिति राम जानकी मंदिर के निकट से चोरी हो गया था। पुलिस ने ई-रिक्शा मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर ओयल के बेहजम तिराहे के पास से शकील निवासी मोहल्ला अवधी टोला कस्बा खीरी व अमन अंसारी निवासी मोहल्ला हिदायत नगर कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 10 बैटरी व एक तमंचा भी बरामद हुआ है। इसके अलावा आरोपियों की निशानदेही पर तीन ई-रिक्शा भी बरामद किए हैं।, जिनमें दो मई को चोरी किया गया ई-रिक्शा भी शामिल है। सीओ सिटी ने बताया कि दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना मझगईं पुलिस और सर्विलांस सेल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सलीमाबाद चौराहा के पास से चोरी की दो बाइकों को बरामद कर कोतवाली सदर के कस्बा महेवागंज निवासी मोहन निषाद और हंसराम निषाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचा व तीन कारतूस भी बरामद होने का दावा किया है। मोहन निषाद के खिलाफ कोतवाली सदर, मझगई और थाना फूलबेहड़ पर पहले से नौ मामले दर्ज हैं।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने मनाई चौधरी अजित सिंह की तीसरी पुण्यतिथि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष अनिल चौधरी के आवास पर सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इसमें पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

सर्वप्रथम अजित सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह उस समय सुपर कंप्यूटर इंजीनियर थे, जब कम लोग कंप्यूटर को जानते थे। उन्होंने अपनी शिक्षा विदेश में प्राप्त की और देश का नाम रोशन किया। जब भी सत्ता में भागीदारी प्राप्त की हमेशा किसानों के हित के लिए कार्य किया। वह सिर्फ किसी जाति विशेष के नेता नहीं थे उन्होंने दबे कुचले समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। कार्यकर्ताओं ने दो प्रस्ताव नकटादाना चौराहे का नाम बदलकर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरणजीत सिंह के नाम पर रखने और नेहरू पार्क के पास खाली पड़े भूखंड पर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह पार्क बनवाने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। तय किया गया कि जल्द ही एक शीर्ष प्रतिनिधिमंडल इन दोनों मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व जिले के उच्च स्तरीय अधिकारियों से वार्ता करेगा।



जिलाध्यक्ष के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रालोद कार्यकर्ता।

- जिलाध्यक्ष के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जुटे रालोद कार्यकर्ता

इस मौके पर डॉ. नितिन मलिक, डॉ. राकेश सिंह, सुधीर चौधरी, एसके मलिक, शेर सिंह गौतम, विनोद वर्मा, विजय प्रताप सिंह, फूलचंद, संतोष कुमार, प्रियंका, राजकुमारी, मालती देवी, राम मिश्रा, रमाशंकर, शाहिद अली, डॉ. पुष्पेंद्र, नीरज भारद्वाज, अमन, धर्मेंद्र कुमार, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे।

## दुकान के सामने बैठी महिला का मांग टीका ले गए बाइक सवार

**बीसलपुर, अमृत विचार:** बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश दुकान के बाहर बैठी महिला का दो तोले सोने का मांग टीका झपट्टा मारकर नोच ले गए। महिला के शोर मचाने पर जमा हुए लोगों ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम करगैना करगैनी के निवासी मोहम्मद याबर पुत्र अकरम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ बरात में शामिल होने के लिए सोमवार को मोहम्मदी इलाके में जा रहे थे। रास्ते में बीसलपुर में रुक गए। एक दुकान की सीढ़ियों पर परिवार के सभी लोग बैठे हुए थे। तभी दोपहर करीब पौने 12 बजे बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोहम्मद याबर की भाभी का मांग टीका नोंच लिया और भाग गए। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। कुछ लोगों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए पीछा भी किया।

# सीनियर वर्ग में नेगरिटा, जूनियर में मरीना हाउस ने मारी बाजी



विजेता बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल और स्टॉफ।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें चारों हाउस की सीनियर एवं जूनियर बालक वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी वर्गों के सेमी फाइनल्स मैचों का आयोजन कराया गया। विद्यालय प्रबंधक डॉ संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व टॉस कराया। फाइनल मैच सीनियर बालक वर्ग में नेगरिटा हाउस एवं वलिटा हाउस के बीच कराया गया। जिसमें नेगरिटा हाउस ने वलिटा हाउस को 7-1 से हराकर एक तरफा जीत हासिल की। इसी क्रम में जूनियर बालक वर्ग में मरीना हाउस एवं वलिटा हाउस के बीच मैच कराया गया। जिसमें मरीना हाउस ने वलिटा हाउस को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता के समापन पर विद्यालय में स्पेशल असेंबली के दौरान विजेताओं, उपविजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में खेल शिक्षक मसूद हसन खान, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार राघव, वीना कुमारी रहे।

# बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरुक

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** बच्चों ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को शिक्षा का महत्व बताया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती लेकर बच्चे चल रहे थे। नारे लगाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए लोगों को जागरुक किया।

भगवंतापुर में न्याय पंचायत स्तरीय स्कूल चलो अभियान की जागरुकता रैली सोमवार को निकाली गई। रैली को एआरपी मोहम्मद ताहिर खां, प्रधान सतीश गिरि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांवों की गलियों में जागरूकता रैली लोगों को जागरूक करने के लिए घुमाई गई। रैली में बच्चे चौका बर्तन और सफाई, फिर भी लड़की करें पढ़ाई। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ। आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। घर-घर शिक्षा दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ। सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखे साफ सफाई आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे।





जागरुकता रैली निकालते बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

रैली में भगवंतापुर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे एवं अध्यापक शामिल हुए। इस दौरान नोडल शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, एसएमसी अध्यक्ष राजेश, मुकेश बाबू, नूपुर पांडेय, शुभम शुक्ला, गुरमीत सिंह, रिंकी कुमारी, सर्वेश्वरी, अनुपम देवी, शाजिया बानो, गफूर अहमद आदि मौजूद रहे।

## मोहम्मद रिजवान सपा के विधानसभा क्षेत्र सचिव बने

**बिलसंडा, अमृत विचार:** नगर के रहने वाले मोहम्मद रिजवान को समाजवादी पार्टी का विधानसभा सचिव मनोनीत किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने सोमवार को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। उनके मनोनयन पर समाजवादी पार्टी के अंसार मंसूरी, रोहित मिश्रा, बाबू अंसारी, परवेज खान, आमिर, रिहान, नबीबुल्लाह, अलीम अंसारी ने बधाई दी है।



मनोनयन पत्र सौंपते शैलेश शर्मा।



